# 'कांग्रेस पार्टी यदि सचिन पायलट को सी.एम. ना बनाये तो क्षेत्र की जनता कांग्रेस को वोट ना करे'

## हर्षोल्लास के साथ मना श्रीछांपाला वाले भैंरूजी का 14वां वार्षिकोत्सव, बिजनौर लोकसभा सांसद मलूक नागर ने सभा को सम्बोधित किया



कोटपूतली के निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा कुहाड़ा में आयोजित वार्षिकोत्सव में भारी जनसमुह उमड़ा।

- लक्खी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, 350 क्विण्टल चूरमा प्रसादी का हुआ वितरण
- सचिन पायलट को मुख्यमंत्री ना बनाये जाने का मुद्दा छाया रहा

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा कुहाड़ा स्थित अरावली की पहाड़ियों में बने श्रीछांपाला वाले भैंरूजी मंदिर का 14 वां वार्षिकोत्सव सोमवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेले में काफी उत्साह के साथ कोटपूतली सहित आसपास की तहसीलों व हरियाणा राज्य के साथ-साथ विभिन्न जगहों से आये करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए पंगत प्रसादी ग्रहण की। वहीं भैंरूबाबा के दर्शन कर देश व प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि आयोजन को लेकर विगत एक माह से मंदिर कमेटी, मेला कमेटी के सदस्य व ग्रामीण भण्डारे की तैयारियों में जुटे हुए थे। इसके लिए भण्डारे हेतु ग्रामीणों ने करीब 350 क्विण्टल चूरमा प्रसादी स्वयं ही बनाकर वितरण की। सर्वप्रथम श्रीभैंरूबाबा को चूरमा-दाल व दही की प्रसादी का भोग लगाकर भण्डारे को शुरू किया गया। इसके लिए 8 ट्रॉलियों में चूरमे को रखा गया था। साथ ही दाल की प्रसादी निरन्तर बनाकर वितरित की गई।

वहीं दूसरी ओर समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट तो नहीं पहुंचे, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री बनाये जाने का मामला इस दौरान छाया रहा। कार्यक्रम में हैलीकॉप्टर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने पहुंचे यूपी के बिजनौर से लोकसभा सांसद मलूक नागर ने कहा कि अगर कांग्रेस आगामी चुनाव में सचिन पायलट को सीएम चेहरा नहीं बनाती है तो गुर्जर समाज को कांग्रेस को एक भी वोट नहीं देना है। उन्होंने कहा कि जब मैं पार्लिया मेन्ट में घुसता हूं तो मुझे तो देश हित, जनहित व अपने समाज हित से ज्यादा कुछ दिखाई नहीं देता। उस वक्त मैं कोई परवाह नहीं करता कि मुझे कौन चुनाव लड़ायेगा, कौन टिकिट देगा या नहीं देगा, चुनाव जीतूंगा या नहीं जीतूंगा। उन्होंने कहा कि जब मैं अपने प्लेटफार्म पर होता हूं तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने पायलट की ओर इशारा करते हुए कहा कि क्या करेंगे पायलट कांग्रेस उन्हें कुछ देना नहीं चाहती, भाजपा में वे जाना नहीं चाहते, पार्टी तुम्हारी है नहीं आखिर क्या करोगे तुम सोचो जरा?

उन्होंने जन समुदाय का समर्थन मांगते हुए कहा कि यदि अब की बार कांग्रेस पार्टी पायलट को सीएम का चेहरा नहीं बनाती है तो एक भी वोट कांग्रेस के खाते में नहीं जाना चाहिए। साथ ही नागर ने कहा कि प्रदेश में देश के प्रधानमंत्री को आकर गुर्जर-गुर्जर कहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गुर्जर सहित समस्त पिछड़ा समाज को राजस्थान का मुख्यमंत्री सचिन पायलट को बनाये जाने का बीड़ा अब अपने कंधों पर उठा लेना चाहिये।

नागर ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी उन्हें सीएम नहीं बनाती है तो पायलट को भी अब अपना निर्णय स्पष्ट कर देना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में वोट तो उनके नाम पर लिए, लेकिन अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया। अब गुर्जर समाज को निर्णय करना है कि पायलट को सीएम नहीं बनाने पर कांग्रेस के साथ क्या करना होगा। उन्होंने पाला गिरने से खराब हुई फसलों का मुआवजा भी किसानों को दिलवाने की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि हम सभी को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिये। विशेषकर किसान, मजदूर व पिछड़ा वर्ग से आने वाले लोगों को, क्योंकि शिक्षा से ही प्रत्येक वर्ग सशक्त होता है। वहीं भाजपा नेता मुकेश गोयल ने भी खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलवाने एवं देश के अन्य तीर्थो की भांति श्री छांपाला वाला भैंरू जी स्थान का विकास भी किये जाने की मांग की। वहीं जोशीले अन्दाज में भाषण देते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने भी युवाओं से पायलट को सीएम बनाने का आह्वान किया। जिसे वहां मौजूद युवा शक्ति ने हाथ उठाकर समर्थन दिया।

कसाना ने कहा कि जब भी हम सच्चाई की बात करेंगे तो बहुत कठिनाईयां आयेंगी लेकिन जीत सिर्फ सत्य की होती है। सभी अतिथियों का भैंरू बाबा का चित्र भेंटकर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन बाबूलाल छाबड़ी व कैलाश आचार्य ने किया। इस दौरान विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व कैबिनेट मंत्री हेमसिंह भड़ाना, प्रधान प्रतिनिधि इंद्राज रावत, सरपंच प्रतिनिधि विक्रम छावड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता हँसराज पटेल व शंकर लाल कसाना, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत, भाजपा पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, जिला पार्षद मंजू रावत, विहिप के पूरणमल भरगड़, पूर्व जिला प्रमुख दाताराम गुर्जर, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, सतीश गुर्जर समेत बड़ी संख्या में अतिथि भी मौजूद रहे।

# कार-ट्रक की टक्कर में चार दोस्तों की मौत

- एक ही कार में गए थे चार दोस्त, रास्ते में हुआ भीषण हादसा
- एक गाय हाईवे पर कार के सामने आ गई थी, उसे बचाने के चक्कर में हादसा हुआ

**बीकानेर,** (निसं)। जिले में बीकानेर-जयपुर रोड पर रायसर के पास ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में चार दोस्तों की मौत हो गई। चारों मृतक बीकानेर के तिलक नगर के रहने वाले थे। सभी हाईवे से घर की तरफ लौट रहे थे कि दर्दनाक हादसा हो गया। सभी की बॉडी पीबीएम अस्पताल में रखी गई है।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे पर रायसर चार दोस्त शिवराज सिंह, किशन सिंह, रामकरण सिंह एवं रतन जांगिड़ भी रविवार रात लौट रहे थे। देर रात वापस लौटते समय इनकी कार एक ट्रक से जा टकराई। हादसा रायसर के बिजली बोर्ड ऑफिस के पास हुआ। राहगीरों ने इन्हें बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला और पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया। डॉक्टर्स ने चारों को मृत घोषित कर दिया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि इनकी कार पूरी तरह से पिचक गई। अंदर बैठे चारों दोस्त उसी में फंसे थे।

बताया जा रहा है कि एक गाय हाईवे पर कार के सामने आ गई थी। उसी को बचाने के चक्कर में कार और ट्रक ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया। दोनों वाहनों में भयंकर टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि गाय पहले से यहां मृत अवस्था में पड़ी थी। इस मार्ग पर रात में भी बड़ी संख्या में गायें व अन्य पशु घूमते रहते हैं। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। एक तरफ ट्रक खड़ा रहा तो दूसरी तरफ कार। बड़ी संख्या में लोग भी यहां एकत्र हो गए।

गाय भी सड़क पर ही मरी हुई थी। नापासर पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। रतनलाल, रामकरण, किशन सिंह और शिवराज सिंह पुराने दोस्त हैं। इनमें रतनलाल जांगिड़ के फर्नीचर का कारखाना है। जयपुर रोड पर तिलक नगर पर उनकी दुकान व कारखाना है। रामकरण की जनरल स्टोर है, जहां किराने व अन्य सामान है। शिवराज सिंह रतनगढ़ के लूणासर गांव का रहने वाला है। उसके पिता यहां जूनागढ़ में काम करते हैं। किशन सिंह का भी तिलक नगर में ही मकान है।

# करंट लगने से अधेड़ की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र की आलमास ग्राम पंचायत के हिसनिया ग्राम के देवी लाल गुर्जर की खेत पर मोटर चालू करते समय करंट लगने से मौत हो गई। देवी लाल गुर्जर तड़के खेत पर पिलाई करने गया था जोकि वही कुएं के पास पड़ा हुआ था। उसका भतीजा गायों के लिए चारा लेने गया था जिसे देवी लाल वहा पड़ा हुआ मिला। इस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और देवी लाल को अचेत अवस्था में लेकर मांडल राजकीय चिकित्सालय पहुंचे जहां पर डॉक्टर द्वारा देवी लाल को मृत घोषित किया।

# इनामी डकैत केशव गुर्जर को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोचा



घायल केशव गुर्जर को जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया।

- राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए आतंक का बड़ा पर्याय बना गया था केशव गुर्जर

**धौलपुर,** (निसं)। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए आतंक का बड़ा पर्याय बना 1 लाख 15 हजार रुपए का इनामी डकैत केशव गुर्जर को आखिरकार सोमवार को दोपहर करीब साढ़े 11- 12 बजे मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान डकैत केशव के पैर में गोली लगी है। जिससे वह घायल हुआ है।

डकैत केशव गुर्जर को पकड़ने के लिए धौलपुर जिले के एसपी धर्मेंद्र सिंह पिछले करीब 1 महीने से लगातार मिशन में जुटे हुए थे। वे दिन-रात डीएसटी, क्यूआरटी टीम सहित विभिन्न थानों की पुलिस टीम और पुलिस जवानों के साथ दिन-रात चंबल के बीहड़ और डांग इलाके में कॉम्बिंग कर रहे थे। पिछले करीब 3 दिन से तो पुलिस का यह अभियान एसपी के नेतृत्व बड़े स्तर पर चल रहा था। आज भी बरसात और सर्दी के मौसम के बावजूद एसपी धर्मेंद्र सिंह सुबह 6 बजे डकैत केशव गुर्जर की सूचना पर डांग इलाके में पहुंच गए और जवानों के साथ लगातार कॉम्बिंग की और फोर्स का मनोबल बढ़ाया। जिसकी परिणति यह हुई कि आखिरकार आतंका का बड़ा पर्याय डकैत केशव गुर्जर पुलिस की गिरफ्त में आ गया। इसकी सूचना मिलते ही भरतपुर आईजी गौरव श्रीवास्तव तुरंत धौलपुर पहुंचे और उन्होंने एसपी धर्मेंद्र सिंह एवं पुलिस टीम की इस बड़ी सफलता के लिए पीठ थपथपाई।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अपहरण, फिरौती और हत्या के प्रयास सहित दर्जनों मामलों में कुख्यात डकैत केशव गुर्जर की पुलिस को तलाश थी। राजस्थान के टॉप टेन बदमाशों की सूची में शामिल केशव गुर्जर के रविवार को चंबल के बीहड़ों में होने की सूचना मिली। जिस सूचना पर एसपी धर्मेंद्र सिंह के साथ डीएसटी ,क्यूआरटी की टीम सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र के सोहन बाबा के मंदिर के पास पहुंची। जहां देर रात से लगातार की जा रही सर्चिंग के बाद पुलिस को डकैत केशव गुर्जर दिख गया। पुलिस को देखकर डकैत केशव गुर्जर ने फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। जिससे केशव गुर्जर के पैर में गोली लग गई।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि डकैत के पैर में गोली लगने के बाद उसे जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए डकैत केशव गुर्जर की खबर मिलते ही सीओ सिटी सुरेश सांखला के साथ निहालगंज थाना प्रभारी विजय मीणा और भारी संख्या में पुलिस बल जिला अस्पताल पहुंच गया। वहीं घायल डकैत केशव गुर्जर का चिकित्सको की टीम इलाज कर रही है।

# सहायता राशि के चैक दिए

**जोधपुर,** (कासं)। बालेसर की शेरगढ़ तहसील के भूंगरा में 8 दिसंबर को शादी समारोह में हुए गैस सिलैंडर विस्फोट मामले में मंत्री राजेंद्र गुढा ने आर्थिक सहायता की घोषणा की थी। मंत्री के बेटे शिवम गुढ़ा ने मृतकों के परिवार जनों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि के चेक सुपुर्द किए।

गत 8 दिसंबर को भूंगरा गांव में संगत सिंह के बेटे सुरेंद्र सिंह के शादी समारोह में गैस ब्लास्ट मामले में 35 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा भूंगरा गांव आए थे। उस समय प्रत्येक मृतक के परिजनों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी।

# एस.पी. के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज

**अजमेर,** (कासं) राजस्थान के जैसलमेर में जिला पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात आईपीएस भवर सिंह नाथावत के पुत्र प्रवीण सिंह पर अपने पिता की वर्दी का ऐसा खुमार चढ़ा कि उसने अजमेर के क्रिश्चयनगंज पुलिस थाने में तैनात थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत पर ही हमला कर दिया। जानकारी अनुसार 26 जनवरी को थानाधिकारी करण सिंह ने प्रवीण सिंह को कार में संग्धित हालत में पकड़ा था, जब थानाधिकारी करण सिंह ने प्रवीण सिंह से पूछताछ की तो उसने हमला कर दिया। सीआई करण सिंह ने तुरंत थाने से जाप्ता बुलाया लेकिन तब तक प्रवीण सिंह फरार हो गया। करण सिंह ने जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचकर अपना मेडिकल करवाया लेकिन आरोपी वरिष्ट आईपीएस का बेटा होने के चलते तीन दिन तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका ओर पुलिस महकमा भी आरोपित युवक को बचाने व मामला रफा-दफा करने में अपने स्तर पर ही लगा रहा। लेकिन जब यह बात सार्वजनिक हुई कि आईपीएस के बेटे ने थानाधिकारी पर हमला किया तो आईजी रुपिंदर सिंह ने पूरे मामले में संज्ञान लिया और बीते दिन प्रवीण सिंह पर राजकार्य में बाधा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया।


अजमेर रेंज आईजी रुपिंदर सिंघ ने बताया कि 29 जनवरी को थाना क्रिश्चियनगंज में प्रकरण दर्ज हुआ है, जिसमें एसएचओ पर एक युवक ने हमला किया था उसके सम्बन्ध में एफआईआर दर्ज की गई है। एक युवक है प्रवीण नाम का जिसको संदिग्ध अवस्था में एसएचओ ने पकड़ा और पूछताछ की तो उसने बदसलूकी की और एसएचओ को चोट पहुंचाई, जिस पर राजकार्य में बाधा का भी मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी युवक एक आईपीएस अधिकारी का बेटा है। जैसेलमर जिला एसपी भवंर सिंह नाथावत वर्ष 2011 से काफी समय तक अजमेर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में एएसपी के पद भी तैनात रहे। उसके बाद कुछ समय के लिये अजमेर जीआरपी में पुलिस अधीक्षक के पद भी तैनात रहे है।

# खेतों में घूम रहे दो ऊंट चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती धवा स्थित खेतों में घूम रहे दो ऊंटों को चोरी कर बाड़मेर ले जाने का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। ऊंटों के मालिक ने नामजद दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दी है। झंवर पुलिस ने बताया कि देवासी की ढाणी धवा निवासी मूलाराम ने इस बारे में रिपोर्ट दी हे। इसमें बताया कि उसके दो ऊंट खेतों में घूम रहे थे। जोकि बाद में ना तो घर लौटे और ना ही वहां दिखाई दिए। आस पास पता लगा कि ऊंटों को बाड़मेर के कल्याणपुर में नवरी के रहने वाले चैनाराम देवासी एवं नेमाराम देवासी चुरा ले गए है। पीड़ित ने आशंका जताई कि ऊंटों को बाड़मेर ले जाया गया है।

# बारिश से सरसों और सौंफ की फसलों में भारी नुकसान हुआ

## किसानों ने फसल खराबे की गिरदावरी करवा सरकार से मुआवजा देने की मांग की



मालपुरा में हुई ओलावृष्टि व तेज बारिश से फसलों में भारी नुकसान हुआ।

**मालपुरा,** (निसं)। पश्चिमी विक्षोम से मौसम में हुए बदलाव व बीते दो दिन से हो रही बरसात के साथ चली तेज हवा व ओलावृष्टि से मालपुरा क्षेत्र में सरसों व सौंप की फसल में भारी नुकसान हुआ है।

रविवार की रात को तेज गर्जना के साथ हुई बरसात व ओलावृष्टि से खेतों में पानी भर गया व सौंप एवं सरसों सहित गैंहू, जौ की फसलें जमीदोज हो गई। बेर के आकार के गिरे ओलों से सर्वाधिक नुकसान सरसों व सौंप की फसल में भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने जल्द फसल खराबे की गिरदावरी करवा राज्य सरकार से मुआवजा देने की मांग की। घाटी व मझौला क्षेत्र में रातभर हुई भारी बारिश से खेतों में भारी तादात में पानी भर जाने से सब्जी व अन्य फसलों को भी भारी नुकसान हुआ। टमाटर व मटर की फसल पूर्ण रूप से खराब हो गई। कई कच्चे मकान धराशाही हो गये। आवासीय कॉलोनी में पानी भर जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

# पाले से फसल पर संकट

- सूरतगढ़ में पत्तों पर दिखाई दी बर्फ

**सूरतगढ़,** (निसं)। ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों पर एक बार फिर पाले की मार पड़ी है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें भी उभर आई हैं। सोमवार सुबह सरसों की पछेती और चने की फसलों पर बर्फ जमी दिखाई दी। इससे किसानों ने फसलों में नुकसान की आशंका जताई है। जिसे लेकर किसान मायूस हो गए हैं। ताखरांवाली के किसान भोमनाथ, राजेंद्र और सुभाष ने बताया कि जनवरी माह में ही 14, 15 और 16 जनवरी के आसपास क्षेत्र में पाला पड़ने से सरसों की अगेती फसल में नुकसान हुआ था। अब फिर से एक बार पाला पड़ने से सरसों की पछेती और चने की फसलों में नुकसान की आशंका है। सिंचाई पानी में भी कटौती होने से फसलें बर्बाद हो रही है। परंतु अब शेष रही कसर पाले ने भी पूरी करने की ठान रखी है। यही हालात चक एक एलएम, गोविंदसर, बख्तावरपुरा और गुडली क्षेत्रों की है। जहां फसलों पर आज फिर बर्फ की परत जमी हुई नजर आई।

# तेज अंधड़ से हुआ फाल्ट, विद्युत सेवा 18 घंटे रही ठप

**निवाई,** (निसं)। क्षेत्र में रविवार देर रात करीब 9 बजे आए तेज अंधड़ से 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया। इस फाल्ट के चलते पांच जी.एस.एस. के अधीन करीब 60-70 गांव की विद्युत सेवा करीब 18 घंटे ठप रही।

तेज अंधड़ से 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया एवं भुरटिया के पास 11 के.वी. लाइन पर बबूल का पेड़ टूटकर गिर गया जिससे 3 खंबे टूट गए। जिससे मित्रपुरा, करेडा बुजुर्ग, हरभांवता एवं दत्तवास जीएसएस के अधीन करीब 60-70 गांव में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। दिन में भी विद्युत सेवा बहाल नहीं होने से दुकानदारों के बिजली आधारित काम नहीं हो पाए। कई घरुलू कार्य भी प्रभावित हुए। सोमवार सुबह गुंसी सहायक अभियंता रणधीर वर्मा, लाइनमैन शमशेर खान, सत्यनारायण गुर्जर एवं राजेश मीणा ने चैनपुरा से हरभावता गांव तक करीब 15 किलोमीटर तक पैदल पेट्रोलिंग कर फाल्ट को तलाश किया। इस दौरान हरभावता टोल के पास 33 केवी लाइन में मिले इंसुलेटर पिंचर के स्थान पर नया लगाने के बाद शाम करीब चार बजे बिजली सेवा बहाल हो पाई।

# मावठ होने से पारे में गिरावट



निवाई में बरसात होने से सड़क पर भरा हुआ पानी।

**निवाई,** (निसं)। उपखण्ड सहित शहर में शनिवार की रात से सोमवार को दूसरे दिन भी मावठ होने से तापमान में गिरावट आने से ठण्ड बढ़ गई जिससे जन-जीवन प्रभावित रहा। ठण्ड के कारण दिनभर सरकारी दफ्तरों सहित घरों में लोग गर्म कपडों में लिपटे रहे और सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाकर तापते हुए नजर आये।

सोमवार की अलसुबह बादलों की तेज गर्जना के साथ बरसात हुई। रविवार की रात में भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। सुबह के समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। दिनभर ठण्डी हवा चलती रही जिससे लोग ठिठुरते रहे। इस दौरान दिनभर सूर्यदेव के कभी-कभी दर्शन हुए जिससे लोगों ने राहत महसूस हुई। कई बार बादलों की ओर से सूर्य बाहर निकला और फिर बादलों की ओट में छुप गया। यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। बरसात होने से सड़कों पर पानी भर गया जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।